THE VILLAGE INTERNATIONAL SCHOOL
"We Nurture Dreams"
AIM HIGH, TOGETHER WE FLY

**WORKSHEET** **DAYARI KA PANNA**

पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए –

**(1)**

आज का दिन तो अमर दिन है। आज के ही दिन सारे हिंदुस्तान में स्वतंत्रता दिवस मनाया गया था। और इस वर्ष भी उसकी पुनरावृत्ति थी जिसके लिए काफ़ी तैयारियाँ पहले से की गयी थीं। गत वर्ष अपना हिस्सा बहुत साधारण था। इस वर्ष जितना अपने दे सकते थे ,दिया था। केवल प्रचार में दो हज़ार रूपया खर्च किया गया था। सारे काम का भार अपने समझते थे अपने ऊपर है ,और इसी तरह जो कार्यकर्ता थे उनके घर जा – जाकर समझाया था। बड़े बाज़ार के प्रायः मकानों पर राष्ट्रीय झंडा फहरा रहा था और कई मकान तो ऐसे सज़ाएँ गए थे कि ऐसा मालूम होता था कि मानो स्वतंत्रता मिल गई हो। कलकत्ते के प्रत्येक भाग में ही झंडे लगाए गए थे। जिस रास्ते से मनुष्य जाते थे ,उसी रास्ते में उत्साह और नवीनता मालूम होती थी। लोगों का कहना था कि ऐसी सजावट पहले नहीं हुई। मोनुमेंट के निचे जहाँ शाम को सभा होने वाली थी उस जगह को तो भोर में छः बजे से ही पुलिस ने बड़ी संख्या में घेर लिया था ,पर तब भी कई जगह तो भोर में ही झंडा फहराया गया। श्रद्धानन्द पार्क में बंगाल प्रांतीय विद्यार्थी संघ के मंत्री अविनाश बाबू ने झंडा गाड़ा तो पुलिस ने उनको पकड़ लिया तथा और लोगों को मारा या हटा दिया। तारा सुंदरी पार्क में बड़ा बाज़ार कांग्रेस कमेटी के युद्ध मंत्री हरिश्चंद्र सिंह झंडा फहराने गए पर वे भीतर न जा सके। वहाँ पर काफी मारपीट हुई और दो – चार आदमियों के सर फट गए। गुजरती सेविका संघ की ओर से जुलूस निकला जिसमे बहुत सी लड़कियां थी उनको गिरफ्तार कर लिया।

**Q1.** गद्यांश के अनुसार किस दिन को अमर दिन कहा गया है –
(क) 2 अक्टूबर
(ख) 15 अगस्त
(ग) 26 जनवरी
(घ) 14 नवम्बर

**Q2.** प्रचार में कितने रूपए खर्च किए गए थे –
(क) तीन हज़ार रूपया
(ख) दो हज़ार रूपया
(ग) पाँच हज़ार रूपया
(घ) एक हज़ार रूपया

**Q3.** निम्नलिखित कथन **(A)** तथा कारण **(R)** को ध्यानपूर्वक पढ़िए। उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुन कर लिखिए।
कथन **(A)** – आज का दिन तो अमर दिन है। आज के ही दिन सारे हिंदुस्तान में स्वतंत्रता दिवस मनाया गया था।
कारण **(R)** – लेखक **26** जनवरी को अमर दिन कह रहे हैं क्योंकि स्वतंत्रता प्राप्ति से पहले **26** जनवरी को ही स्वतंत्रता दिवस मनाया जाता था और यहाँ पर भी लेखक स्वतंत्रता से पहले के इसी दिन का वर्णन कर रहे हैं।
(क) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं
(ख) कथन (A) सही है तथा कारण (R) उसकी गलत व्याख्या करता है
(ग) कथन (A) गलत है तथा कारण (R) सही है
(घ) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही है तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है।

**Q4.** शाम की सभा कहाँ होनी थी –
(क) श्रद्धानन्द पार्क में
(ख) मोनुमेंट के निचे
(ग) बड़े बाज़ार में
(घ) तारा सुंदरी पार्क में

**Q5.** झंडा फहराने की कोशिश में क्या धटनाएँ हुई –
(क) बंगाल प्रांतीय विद्यार्थी संघ के मंत्री अविनाश बाबू ने झंडा गाड़ा तो पुलिस ने उनको पकड़ लिया
(ख) तारा सुंदरी पार्क में बड़ा बाज़ार कांग्रेस कमेटी के युद्ध मंत्री हरिश्चंद्र सिंह झंडा फहराने गए पर वे भीतर न

जा सके
(ग) गुजरती सेविका संघ की ओर से जुलूस निकला जिसमे बहुत सी लड़कियां थी उनको गिरफ्तार कर लिया
(घ) उपरोक्त सभी

**(2)**
सुभाष बाबू के जुलूस का भार पूर्णोदास पर था पर वह प्रबंध कर चुका था। स्त्री समाज अपनी तैयारी में लगा था। जगह – जगह से स्त्रियाँ अपना जुलूस निकलने की तथा ठीक स्थान पर पहुँचने की कोशिश कर रही थी। मोनुमेंट के पास जैसे प्रबंध भोर में था वैसे करीब एक बजे नहीं रहा। इससे लोगों को आशा होने लगी कि शायद पुलिस अपना रंग ना दिखलावे पर वह कब रुकने वाली थी। तीन बजे से ही मैदान में हजारों आदमियों की भीड़ होने लगी और लोग टोलियाँ बना -बनाकर मैदान में घूमने लगे। आज जो बात थी वह निराली थी। जब से कानून भंग का काम शुरू हुआ है तब से आज तक इतनी बड़ी सभा ऐसे मैदान में नहीं की गई थी और यह सभा तो कहना चाहिए कि ओपन लड़ाई थी। पुलिस कमिश्नर का नोटिस निकल चुका था कि अमुक – अमुक धारा के अनुसार कोई सभा नहीं हो सकती। जो लोग काम करने वाले थे उन सबको इंस्पेक्टरों के द्वारा नोटिस और सुचना दे दी गई थी कि आप यदि सभा में भाग लेंगें तो दोषी समझे जाएंगे। इधर कौंसिल की ओर से नोटिस निकल गया था कि मोनुमेंट के निचे ठीक चार बजकर चैबीस मिनट पर झंडा फहराया जाएगा तथा स्वतंत्रता की प्रतिज्ञा पढ़ी जाएगी। सर्वसाधारण की उपस्थिति होनी चाहिए। खुला चेलेंज देकर ऐसी सभा पहले कभी नहीं हुई थी। ठीक चार बजकर दस मिनट पर सुभाष बाबू जुलूस ले कर आए। उनको चौरंगी पर ही रोका गया ,पर भीड़ की अधिकता के कारण पुलिस जुलूस को नहीं रोक सकी। मैदान के मोड़ पर पहुँचते ही पुलिस ने लाठियाँ चलना शुरू कर दी ,बहुत लोग घायल हुए ,सुभाष बाबू पर भी लाठियाँ पड़ी। सुभाष बाबू बहुत ज़ोर से वन्दे -मातरम् बोल रहे थे। ज्योतिर्मय गांगुली ने सुभाष बाबू से कहा ,आप इधर आ जाइए। पर सुभाष बाबू ने कहा आगे बढ़ना है।
**Q1.** 'इससे लोगों को आशा होने लगी कि शायद पुलिस अपना रंग ना दिखलावे पर वह कब रुकने वाली थी।' वाक्य का आशय है कि –
(क) पुलिस का रवैया देख कर लोग डर गए थे
(ख) पुलिस का रवैया देख कर लोगों को लगा कि पुलिस सख्ती से काम नहीं लेगी किन्तु लोगों का अंदाजा गलत था
(ग) पुलिस लोगों को देख कर रुकी नहीं और लाठी चलाने लगी
(घ) लोगों को आशा होने लगी कि पुलिस सभा भांग नहीं करेगी

**Q2.** पुलिस कमिश्नर ने कौन सा नोटिस निकाला था –
(क) अमुक – अमुक धारा के अनुसार सभी घरों में ही रहें
(ख) अमुक – अमुक धारा के अनुसार झंडा नहीं फहराया जा सकता
(ग) अमुक – अमुक धारा के अनुसार लोग इकठ्ठे नहीं हो सकते
(घ) अमुक – अमुक धारा के अनुसार कोई सभा नहीं हो सकती

**Q3.** निम्नलिखित कथन **(A)** तथा कारण **(R)** को ध्यानपूर्वक पढ़िए। उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुन कर लिखिए।
कथन **(A)** – स्त्री समाज अपनी तैयारी में लगा था। जगह – जगह से स्त्रियाँ अपना जुलूस निकलने की तथा ठीक स्थान पर पहुँचने की कोशिश कर रही थी।
कारण **(R)** – स्वतंत्रता की लड़ाई में स्त्रियों ने भी बढ़चढ़ कर भाग लिया था।
(क) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं
(ख) कथन (A) सही है तथा कारण (R) उसकी गलत व्याख्या करता है
(ग) कथन (A) गलत है तथा कारण (R) सही है
(घ) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही है तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है।

**Q4.** कौंसिल की ओर से क्या नोटिस निकल गया था –
(क) मोनुमेंट के निचे ठीक चार बजकर चैबीस मिनट पर झंडा फहराया जाएगा
(ख) स्वतंत्रता की प्रतिज्ञा पढ़ी जाएगी
(ग) सर्वसाधारण की उपस्थिति होनी चाहिए
(घ) उपरोक्त सभी

**Q5.** मैदान के मोड़ पर पहुंचते ही क्या हुआ –
(क) पुलिस ने लाठियाँ चलना शुरू कर दी
(ख) बहुत लोग घायल हुए ,सुभाष बाबू पर भी लाठियाँ पड़ी
(ग) सुभाष बाबू बहुत ज़ोर से वन्दे -मातरम् बोल रहे थे
(घ) उपरोक्त सभी

(3)
यह सब तो अपने सुनी हुई लिख रहे हैं पर सुभाष बाबू का और अपना विशेष फासला नहीं था। सुभाष बाबू बड़े जोर से वन्दे -मातरम बोलते थे,यह अपनी आँख से देखा। पुलिस भयानक रूप से लाठियाँ चला रही थी। क्षितिज चटर्जी का फटा हुआ सिर देखकर तथा उसका बहता हुआ खून देखकर आँख मिंच जाती थी इधर यह हालत हो रही थी कि उधर स्त्रियाँ मोनुमेंट की सीढ़ियों पर चढ़ झंडा फहरा रही थी और घोषणा पढ़ रही थी। स्त्रियाँ बहुत बड़ी संख्या में पहुँच गई थी। प्रायः सबके पास झंडा था। जो वालेंटियर गए थे वे अपने स्थान से लाठियाँ पड़ने पर भी हटते नहीं थे। सुभाष बाबू को पकड़ लिया गया और गाड़ी में बैठा कर लालबाज़ार लॉकअप में भेज दिया गया। कुछ देर बाद ही स्त्रियां जुलूस बना कर वहाँ से चलीं। साथ ही बहुत बड़ी भीड़ इकठ्ठी हो गई। बीच में पुलिस कुछ ठंडी पड़ी थी ,उसने फिर डंडे चलने शुरू कर दिए। अबकी बार भीड़ ज्यादा होने के कारण ज्यादा आदमी घायल हुए। धर्मतल्ले के मोड़ पर आकर जुलूस टूट गया और करीब 50 -60 स्त्रियाँ वहीं मोड़ पर बैठ गई। पुलिस ने उन्हें पकड़कर लालबाजार भेज दिया। स्त्रियों का एक भाग आगे बड़ा ,जिनका नेतृत्व विमल प्रतिभा कर रही थी। उनको बहू बाजार के मोड़ पर रोका गया और वे वहीं मोड़ पर बैठ गई। आसपास बहुत बड़ी भीड़ इकठ्ठी हो गई। जिस पर पुलिस बीच – बीच में लाठी चलती थी। इस प्रकार करीब पौने घंटे के बाद पुलिस की लारी आई और उनको लालबाज़ार ले जाया गया। और भी कई आदमियों को पकड़ा गया। वृजलाल गोयनका जो कई दिन से अपने साथ काम कर रहा था और दमदम जेल में भी अपने साथ था, पकड़ा गया। पहले तो वह डंडा लेकर वन्दे -मातरम बोलता हुआ मोनुमेंट की और इतनी जोर से दौड़ा कि अपने आप ही गिर पड़ा और उसे एक अंग्रेजी घुड़सवार ने लाठी मारी फिर पकड़ कर कुछ दूर लेजाने के बाद छोड़ दिया। इस पर वह स्त्रियों के जुलूस में शामिल हो गया और वह पर भी उसको छोड़ दिया। तब वह दो सौ आदमियों का जुलूस बनाकर लालबाज़ार गया और वहां पर गिरफ्तार हो गया।

**Q1.** 'यह सब तो अपने सुनी हुई लिख रहे हैं पर सुभाष बाबू का और अपना विशेष फासला नहीं था। सुभाष बाबू बड़े जोर से वन्दे **-**मातरम बोलते थे**,**यह अपनी आँख से देखा।' वाक्य का आशय है कि **–**
(क) सब कुछ लेखक सुनी सुनाई बातें लिख रहा है
(ख) जब सुभाष बाबू को लाठियाँ पड़ रही थी और वे बड़े जोर से वन्दे -मातरम बोलते थे यह सब लेखक ने अपनी आँखों से देखा था
(ग) लेखक और सुभाष बाबू के बीच का फासला अधिक नहीं था
(घ) लेखक ने सुभाष बाबू को वन्दे मातरम बोलते स्वयं देखा था

**Q2.** सुभाष बाबू को पकड़ लिया गया और गाड़ी में बैठा कर **————-** में भेज दिया गया **–**
(क) जेल में
(ख) गाँधी जी के आश्रम में
(ग) लालबाज़ार लॉकअप
(घ) बड़े बाज़ार लॉकअप में

**Q3.** निम्नलिखित कथन **(A)** तथा कारण **(R)** को ध्यानपूर्वक पढ़िए। उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुन कर लिखिए।
कथन **(A) –** उधर स्त्रियाँ मोनुमेंट की सीढ़ियों पर चढ़ झंडा फहरा रही थी और घोषणा पढ़ रही थी।
कारण **(R) –** क्योंकि पुलिस की लाठीचार्ज के कारण पुरुष वहाँ समय से नहीं पहुँच पाए थे।
(क) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं
(ख) कथन (A) सही है तथा कारण (R) उसकी गलत व्याख्या करता है
(ग) कथन (A) गलत है तथा कारण (R) सही है
(घ) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही है तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है।

**Q4.** स्त्रियों का जलूस कहाँ आ कर टूट गया **–**
(क) धर्मतल्ले के मोड़ पर
(ख) लालबाजार लॉकअप पर
(ग) बड़े बाज़ार के मोड़ पर
(घ) मॉन्युमेंट के पास ही

**Q5.** वृजलाल गोयनका ने गिरफ़्तार होने के लिए क्या किया **–**
(क) वह डंडा लेकर वन्दे -मातरम बोलता हुआ मोनुमेंट की और इतनी जोर से दौड़ा
(ख) वह स्त्रियों के जुलूस में शामिल हो गया
(ग) वह दो सौ आदमियों का जुलूस बनाकर लालबाज़ार गया और वहां पर गिरफ्तार हो गया
(घ) उपरोक्त सभी

**(4)**
मदालसा भी पकड़ी गई थी। उससे मालूम हुआ कि उसको थाने में भी मारा था। सब मिलाकर *105* स्त्रियाँ पकड़ी गयी थी। बाद में रात को नौ बजे सबको छोड़ दिया गया। कलकत्ता में आज तक इतनी स्त्रियाँ एक साथ गिरफ्तार नहीं की गई थी। करीब आठ बजे खादी भण्डार आए तो कांग्रेस ऑफिस से फ़ोन आया कि यहाँ बहुत आदमी चोट खा कर आये हैं और कई की हालत संगीन है उनके लिए गाड़ी चाहिए। जानकीदेवी के साथ वहां गए ,बहुत लोगो को चोट लगी हुई थी। डॉक्टर दासगुप्ता उनकी देखरेख और फ़ोटो उतरवा रहे थे। उस समय तक *67* वहाँ आ चुके थे। बाद में तो *103* तक आ पहुंचे। अस्पताल गए, लोगो को देखने से मालूम हुआ कि *160* आदमी तो अस्पतालों में पहुंचे और जो लोग घरों में चले गए ,वो अलग हैं। इस प्रकार दो सौ घायल जरूर हुए है। पकडे गए आदमियों की संख्या का पता नहीं चला। पर लाल बाजार के लॉकअप में स्त्रियों की संख्या *105* थी। आज तो जो कुछ हुआ वह अपूर्व हुआ है। बंगाल के नाम या कलकत्ता के नाम पर कलंक था कि यहाँ काम नहीं हो रहा है। वह आज बहुत अंश में धूल गया और लोग सोचने लग गए कि यहाँ भी बहुत सा काम हो सकता है।

**Q1.** 'मदालसा भी पकड़ी गई थी। उससे मालूम हुआ कि उसको थाने में भी मारा था। सब मिलाकर **105** स्त्रियाँ पकड़ी गयी थी।' वाक्य का आशय है कि **–**
(क) स्त्रियों ने बढ़चढ़ कर स्वतंत्रता संग्राम में हिस्सा लिया था और उन पर भी बहुत अत्याचार हुए थे
(ख) मदालसा स्वतंत्रता सैनानी थी
(ग) स्त्रियाँ बड़ी संख्या में गिरफ़्तार हुई थीं
(घ) लेखक सब कुछ अपनी डायरी में लिखते थे

**Q2.** गिरफ़्तार हुई स्त्रियों की संख्या कितनी थीं **–**
(क) 67
(ख) 103
(ग) 160
(घ) 105